भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2577**

उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024 (बुधवार)

20 अग्रहायण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में आर्थिक विकास के संवर्धन के लिए इन्वेस्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन**

**2577. श्री कृपानाथ मल्लाहः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमओडीओएनईआर) और इन्वेस्ट इंडिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मुख्य उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) मंत्रालय और इन्वेस्ट इंडिया के बीच उक्त सहयोग उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में निवेश के अवसरों को किस प्रकार सुविधाजनक बनाएगा; और

(ग) उत्तर-पूर्वी राज्यों में आर्थिक विकास के संवर्धन के लिए इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत निवेश के लिए लक्षित विशिष्ट क्षेत्र या उद्योग कौन से हैं?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ग): पूर्वोत्तर (एनई) राज्यों की निवेश संवर्धन एजेंसी (आईपीए) को सुदृढ़ करने तथा पूर्वोत्तर राज्य सरकारों को अपने राज्यों में निवेश को आकर्षित करने, सुविधाजनक बनाने और उसमें वृद्धि करने के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायता करने के उद्देश्य से उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने इन्वेस्ट इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इन गतिविधियों और डिलिवरेबल्स में सरल निवेश सुविधा, केंद्रित निवेश, निवेश ईकोसिस्टम में सुधार तथा ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी), निवेश के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारियों का विकास, निवेशक-अनुकूल नीतियों की तैयारी में सहायता, प्रमुख विकास क्षेत्रों की पहचान और निवेश एवं वाणिज्य के लिए साझेदारियों का निर्माण शामिल है; जिनसे संवहनीय विकास और समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पूर्वोत्तर राज्यों के संसाधनों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

*****